सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।

सेवा में,
शिक्षा निदेशक (मा0), उ0प्र0
शिक्षा सामान्य (1) द्वितीय अनुभाग,
प्रयागराज।

पत्रांकः 2085 /चयन/157(2022)/2022-23 दिनांक 07.10.2022

विषयः याचिका संख्या 14121/2022 मनोज कुमार पाण्डेय बनाम राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 29.09.2022 के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक याचिका में मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 29.09.2022 में विज्ञापन संख्या 01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण नही करने से दिनांक 30.09.2022 तक विद्यमान रिक्त पदों को रिक्तियों से अधिक के अभ्यर्थियों (वेट लिस्ट) को आवंटित करने हेतु चयन बोर्ड को निर्देशित किया है।

2. मा0 उच्च न्यायालय का आदेश है कि विज्ञापन संख्या 01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण नही करने से दिनांक 30.09.2022 तक विद्यमान विषयवार, वर्गवार तथा श्रेणीवार रिक्त पदों की सूचना माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय दिनांक 15.10.2022 तक चयन बोर्ड को देगा।

3. उपर्युक्त विवरण प्राप्त होने के उपरान्त बोर्ड द्वारा दिनांक 15.11.2022 तक अपने अधिकृत वेबसाइट पर ऐसी सभी रिक्तियों का पूरा विवरण (चार्ट) प्रदर्शित किया जायेगा। इसमें ऐसे पदों को भी स्पेसिफाई किया जायेगा जिन्हें मा0 न्यायालय के किसी अंतरिम आदेशों के अधीन आवंटन से बाहर रखना है।

4. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि कृपया मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु निम्न प्रारूपों में सूचना **दिनांक 15.10.2022** तक उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज को **हार्डकापी एवं साफ्टकापी** दोनों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

प्रारूप -1

विज्ञापन संख्या 01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण नही करने से दिनांक 30.09.2022 तक विद्यमान विषयवार, वर्गवार तथा श्रेणीवार रिक्त पदों की सूचनाः

क्रम संख्या	विज्ञापन संख्या	विषय	वर्ग (बालक/बालिका)	श्रेणी (अनारक्षित, अ0पि0व0, अनु0जाति0, अनु0ज0जा0)	मण्डल	जनपद	संस्था का नाम	रिक्त पद के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय का कोई आदेश है अथवा नही?	याचिका का विवरण (याचिका संख्या, वर्ष, याची का नाम, आदेश दिनांक)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

प्रारूप – 2

रिक्तियों की संख्या से अधिक के ऐसे (वेट लिस्ट) अभ्यर्थी जो विज्ञापन संख्या 01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण नही करने से उपलब्ध रिक्त पदों पर कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं, की सूचनाः

क्रम संख्या	विज्ञापन संख्या	विषय	वर्ग (बालक/बालिका)	श्रेणी (अनारक्षित, अ0पि0व0, अनु0जाति0, अनु0ज0जा0)	रिक्तियों की संख्या से अधिक के (वेट लिस्ट) अभ्यर्थी के कार्यभार ग्रहण कर लेने की सूचना			
					अनुक्रमांक	नाम	पिता का नाम	संस्था का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8	9

भवदीय,

07/10/22

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज